निबंधन और शर्तें (टीओआर)
वरिष्ठ परामर्शदाता / परामर्शदाता - सूचना प्रौद्योगिकी (आई टी)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) की स्थापना जन स्वास्थ्य प्रणाली के सुदृढ़ीकरण हेतु राज्यों को तकनीकी और क्षमता निर्माण सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत एक स्वायत्तशासी पंजीकृत सोसाइटी के रूप में की गई है। एनएचएसआरसी स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से निम्नलिखित पदों को पूर्णतया संविदा आधार पर भरना चाहता है।

पद का नाम	वरिष्ठ परामर्शदाता / परामर्शदाता - सूचना प्रौद्योगिकी		
पदों की संख्या	1		
अवधि	एक वर्ष		
स्थान	नई दिल्ली		
पद का प्रकार	संविदा पर		
पद	न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता	न्यूनतम अनुभव	पारिश्रमिक सीमा
परामर्शदाता	यूजीसी / एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त संस्थानों से स्नातकोत्तर (कंप्यूटर/ सूचना प्रौद्योगकी/ इलैक्ट्रॉनिक्स) / एमसीए अथवा एमबीए (सूचना प्रौद्योगिकी/ प्रणाली) अथवा बी.टेक (सूचना प्रौद्योगिकी/ कंप्यूटर साइंस/ बायो-इंफोर्मेटिक्स/ इलैक्ट्रॉनिक्स) के साथ एमबीए (पूर्ण कालिक)	3 वर्ष या उससे अधिक	रु. 60,000/- से रु. 90,000/- प्रतिमाह
वरिष्ठ परामर्शदाता		7 वर्ष या उससे अधिक	रु. 90,000/- से रु. 1,20,000/- प्रतिमाह
आयु सीमा	आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि को अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष		
वांछित कौशल	➢ एमएस ऑफिस, एप्लीकेशन जांच, मोबाइल प्रौद्योगिकी की मूल जानकारी, स्वास्थ्य में आईसीटी, डाटा विश्लेषण, डाटा माइनिंग और रिपोर्टिंग में दक्षता। ➢ डिजाइनिंग टूल तथा आंकड़े एकत्र करने की कार्यनीति, विश्लेषण तथा रिपोर्टें प्रस्तुत करने का अनुभव। ➢ उत्कृष्ट संप्रेषण और प्रस्तुतिकरण कौशल, विश्लेषणात्मक एवं अंतर- वैयक्तिक योग्यताएं, अंग्रेजी बोलने और लिखने में उत्कृष्ट संप्रेषण कौशल। हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान भी वांछनीय है। ➢ बहुविषयक दल परिवेश में कार्य करने की योग्यता प्रदर्शित की हो। ➢ तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए राज्यों / संघ राज्य क्षेत्रों और जिलों का दौरा करने की तत्परता और सौंपे जाने वाले कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर निपटाने के लिए एक-साथ विभिन्न कार्यों को करने की योग्यता। ➢ केंद्र / राज्य / संघ राज्य क्षेत्रों के स्वास्थ्य विभाग में कार्य करने का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थी को वरीयता दी जाएगी।		
भूमिका और उत्तरदायित्व	➢ कार्यक्रम के कार्यान्वयन हेतु विभागों (केन्द्रीय, राज्य / संघ राज्य क्षेत्र तथा अन्य शामिल हितधारकों) से कार्यात्मक तथा तकनीकी अपेक्षाओं को समझना तथा अपेक्षानुसार गुणवत्ता और मानक अवधारणा दस्तावेज तैयार करना, डिजाइन दस्तावेज, प्रक्रिया प्रवाह दस्तावेज (फ्लो डॉक्यूमेंट), कार्यान्वयन कार्यनीति, दिशानिर्देश, नवाचार तथा प्रयोक्ता नियमावली (यूजर मैनुअल) तैयार करना। ➢ विश्लेषणात्मक कार्यनीति के परिचालन तथा मौजूदा एमसीटीएस / आरसीएच प्रणाली के साथ एकीकरण हेतु सरकारी / मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सम्पर्क करना। ➢ एमसीटीएस/आरसीएच प्रणालियों तथा अन्य मानक स्त्रोतों से इसके प्रचालन के लिए अनिवार्य आईटी प्लेटफार्म सहित डाटा के एकीकरण एवं वैधीकरण हेतु साधन विकसित करना। ➢ एमसीटीएस / आरसीएच एप्लीकेशन के सुदृढ़ीकरण हेतु अनमोल, किलकारी, मोबाइल अकादमी, आरसीएच सिटीजन पोर्टल और दूसरे एप्लीकेशनों के लिए प्रशिक्षण, समीक्षा और कार्यान्वयन संबंधी सहायता उपलब्ध कराना। ➢ समस्याओं का समाधान करना, एप्लिकेशन का परीक्षण, गैर-परिभाषित क्षेत्रों की पहचान करना ओर मौजूदा प्रणाली के तात्कालिक उपाय के लिए विशेषज्ञ सहायता प्रदान करना।		

	➢ राज्यों / संघ राज्य क्षेत्रों को कार्यान्वयन हेतु सहयोग और दिशा-निर्देश प्रदान करना और आईटी संबंधित सभी निबंधन एवं शर्तों में क्षमता निर्माण / प्रशिक्षण में मदद करना। ➢ कार्यान्वयन कवरेज और अंतराल के संबंध में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों और अन्य शामिल हितधारकों के साथ आवधिक रूप से अनुवर्ती कार्रवाई करना, कमियों/चुनौतियों के संबंध में सार तैयार करना, तकनीकी प्रशिक्षण माड्यूल तैयार करने और संसाधन सामग्री के विकास में सहायता प्रदान करना। ➢ अन्य हितधारकों के अच्छे कार्यों को ध्यान में रखते हुए निगरानी और मूल्यांकन कार्य ढांचे को एकीकृत करने की दृष्टि से उपयोगी दिशा-निर्देशों, प्रक्रियाओं और उपकरणों तथा बेव-आधारित कार्यक्रम की समीक्षा करना और पुन: डिजाइन बनाना। ➢ यथा अपेक्षित फील्ड दौरे करना। ➢ रिपोर्टिंग प्राधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपे गए अन्य कार्य करना।
अन्य निबंधन और शर्तें	➢ त्यागपत्र देने के मामले में, अभ्यर्थी को एक महीने का नोटिस देना होगा। ➢ परियोजना के लिए भारत में कहीं भी यात्रा करने के लिए तत्पर रहना होगा।

आवेदन करने के लिए: उम्मीदवारों से अनुरोध है कि टीओआर के साथ संलग्न आवेदन प्रारूप को डाउनलोड करें, जो एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है तथा विधिवत रूप से भरा गया आवेदन पत्र recruitment.mcts@gmail.com पर **11-Sep-2018** तक अवश्य ई-मेल कर दें। अन्य प्रारूप में प्रस्तुत आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन-पत्र के ऊपर आवेदन किए गए पद का नाम लिख दिया गया है, अन्यथा आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।